## एक नजर में

### मतदान के कारण संबंधित क्षेत्र में शराब की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**सरपंच पद के लिए मतदान 22 जुलाई को**

**खंडवा।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के छैगांवमाखन एवं खालवा विकासखंडों में पंचायत पदाधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में सरपंच के रिक्त पद की पूर्ति के लिए मतदान 22 जुलाई को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। सरपंच पद के लिए मतगणना 26 जुलाई को सुबह 8 बजे से विकासखंड मुख्यालय पर होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन शराब की बिक्री पूर्णत प्रतिबंधित रहेगी उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से शराब के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि छैगांव माखन विकासखंड की ग्राम पंचायत सिलोदा के प्राथमिक शाला भवन में वार्ड क्रमांक 1 से 6 के लिए, ग्राम पंचायत कार्यालय भवन सिलोदा में वार्ड क्रमांक 7 से 12 के मतदाताओं के लिए तथा माध्यमिक शाला भवन सिलोदा में वार्ड क्रमांक 13 से 18 के मतदाताओं के लिए तथा कुल तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा खालवा विकासखंड में सरपंच पद के निर्वाचन के लिए प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक 1 ग्राम अंबाड़ा तथा प्राथमिक शाला भवन काशी क्रमांक 2 अंबाड़ा में मतदान केंद्र बनाया गया है।

### ओंकारेश्वर ग्राम डूकिया में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर ग्राम डुकिया में तहसील विधिक सेवा समिति पुनासा के तत्वाधान में न्यायधीश मेहताब सिंह बघेल,एडीपीओ धीरेंद्र सिंह चौहान एवं समस्त कोर्ट स्टाफ द्वारा लीगल एड कैंप (विधिक साक्षरता शिविर) का आयोजन किया गया,एवं समस्त मौजूद नागरिकों को लोक अदालत के विषय में समझाते हुए प्रकरण का जल्दी निवारण करने हेतु समझाईश दी गई। इस कैंप के दौरान एडवोकेट दीपिका गोस्वामी, कोर्ट मुंशी नितेश पाठक, स्टाफ के बाबू यादव, एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### बोरगांव खुर्द को नगर सीमा में शामिल करने हेतु समिति की बैठक



**खंडवा।** ग्राम पंचायत बोरगांव खुर्द को खंडवा नगर सीमा में शामिल करने के उद्देश्य से नगर निगम खंडवा द्वारा गठित समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समिति अध्यक्ष एस.आर.सिटोले की अध्यक्षता में सदस्यगण राघवेंद्र उपाध्याय, संजय शुक्ला, गोपाल चौहान,प्रकाश राजपूत,संजीव राठौर,राकेश ललित,भूपेन्द्र सिंह बिसेन एवं भरत मेहना उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बोरगांव खुर्द की ओर से सरपंच श्रीमती ननिबाई बवासी पांडे,सचिव गोकुल पटेल, रोजगार सहायक दीपक कनौजे,उपसरपंच विशाल पटेल,पूर्व सरपंच धमेन्द्र पांडे, पंच पति चमनलाल पटेल सहित ग्रामवासी गोकुल पटेल,बाबूलाल पटेल एवं आदित्य सोनकर भी बैठक में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष द्वारा सरपंच,सचिव एवं ग्रामवासियों को नगरीय सीमा में शामिल होने से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, घर-घर नल कनेक्शन, शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वरोजगार, पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण सुविधा, घर-घर कचरा कलेक्शन व्यवस्था आदि शामिल हैं। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि नगर सीमा में शामिल होने से मकान,प्लॉट एवं कृषि भूमि के मूल्य में वृद्धि संभावित है। ग्रामवासियों ने इस जानकारी का स्वागत करते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

### लोक सूचना अधिकारियों को "सूचना के अधिकार" संबंधी प्रशिक्षण दिया गया



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर ई-दक्ष केंद्र खंडवा में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तथा आर सी व्ही पी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में सूचना का आधिकार अधिनियम-2005 से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के 25 कार्यालयों के लोक सूचना अधिकारियों और सहायक लोक सूचना अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण वरिष्ठ प्रशिक्षक रितेश खेडेकर तथा केंद्र के प्रशिक्षक लोकेश कुमार शर्मा द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित लोक सूचना अधिकारियों को अधिनियम के उद्देश्य,पृष्ठभूमि तथा प्रावधानों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मुख्यत: लोक सूचना अधिकारियों को सूचना प्रदान करने के सम्बन्ध में उनकी भूमिका,जानकारी देने की बाध्यता,छूट,अपील तथा पेनल्टी आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षार्थियों को अधिनियम लागू होने से अब तक हुए सभी संशोधनो के बारे में बताया गया। ट्रेनिंग के दौरान प्रशिक्षार्थियों के प्रश्नों का निराकरण किया गया। अधिकारियों को अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों के सुचारू पालन हेतु कार्यालय में रिकॉर्ड प्रबंधन का महत्व एवं उपाय बताए गए। केंद्र के प्रशिक्षक लोकेश कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान नवीन ई-ऑफिस प्रणाली एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता से सम्बंधित जानकारियों से प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया गया।

### आयोजन को लेकर नगर परिषद कार्यालय में बैठक




**मून्दी।** आगामी राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2025 के आयोजन को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष ज्योतिबाला चंद्रमोहन राठौर की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रतिवर्षानुसार निर्धारित स्थल पर सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य प्रचलित होने से कार्यक्रम स्थल हेतु उपस्थित संस्था प्रमुखों से सुझाव लिए गए। जिसमे समस्त संस्था प्रमुखों के सुझाव पर विचार कर इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को हर्षोल्लाश के साथ सेंट मेरिस कान्वेंट स्कूल परिसर में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व अनुसार सभी आवश्यक तैयारिया किए जाने के भी संस्था प्रमुखों द्वारा कहा गया। इस अवसर पर पार्षद खुशयाली बाई,राजेंद्र डोडे,शेख नसीम आरा,बनारसी बाई,दिनेश धुर्वे,जागृति दिनेश मालवीय,धर्मेंद्र राठौर,सखाराम निमोले,हीरालाल निहाल,सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर,पार्षद प्रतिनिधि नितिन भगत, स्कूलों के प्राचार्य शिक्षक एवं शिक्षिका,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के रूप में आकाश शर्मा सहित नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आदिवासियों की हजारों एकड़ जमीन 'संभ्रांतों' के कब्जे में,कार्रवाई कब?

नवभारत न्यूज

**खंडवा। आदिवासियों की जमीन पर कब्जे का खेल खंडवा जिले में नया नहीं है। इसमें दलों में बंटे नेता भी एक हो जाते हैं। राजस्व विभाग के वर्षों से जमे कुछ कर्मचारी भी हेर फेर कर रहे हैं। इन्हें सबका राजस्व रिकार्ड मुख जबानी याद है। अफसर तबादला इसलिए भी नहीं करते।**

मसाया सोलर प्लांट की जमीन का बड़ा हिस्सा भी इसी खेल का परिणाम है। खंडवा जिले में बने अन्य सोलर प्लांट की जमीन पहले किन आदिवासियों के नाम थी। इसकी परत खोलना भी जरूरी है। जमीनों के बड़े स्टॉल बनाकर माफिया दिल्ली, मुंबई के बड़े लोगों को वर्षों से दे रहे हैं। नियम तो यह है कि आदिवासी की जमीन कई पीढ़ी बाद भी वापस हो सकती है। यहां भी ऐसी कार्रवाई जरूरी है।

### 'सीधे' जिले पर सबकी नजर!

खंडवा जिला इसलिए चुना जाता है, क्योंकि यहां के लोग ज्यादा आपत्ति नहीं लेते। आश्चर्य की बात है कि इंदिरा सागर में ही खंडवा जिले के 168 गांव और एक बड़ा शहर आसानी से डुबो दिया गया। ओंकारेश्वर के भी काफी गांव इसके शिकार हुए। सोलर प्लांट के आधा दर्जन बड़े हिस्से बिजली वालों की चपेट में है। इससे तुलना की जाए तो नर्मदाजी पर बन रहे अन्य बांध लोगों ने बनने नहीं दिए।

### सरकार ने भी सैकड़ों गांव डुबाए

इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर सागर भले सरकार की नीति हो, लेकिन खंडवा जिले के लोगों को इससे विशेष फायदा नहीं है, बल्कि यहां के विस्थापित दर-दर भटक रहे हैं। यहां के लिए परियोजनाओं से हुए लाभ का एक निश्चित प्रतिशत इसी क्षेत्र में खर्च किया जाना चाहिए। उसे भी अधिकारी मर्जी के मुताबिक खर्चा करवरकर इतिश्री कर लेते हैं।

### माफियाओं की सांसें फूलीं

एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई से जमीन के माफियाओं की सांस फूल गई हैं। उन्हें डर है कि आदिवासियों की जमीन अन्य वर्ग के नाम वाले वर्षों पुराने सारे रिकॉर्ड भी खंगाले गए तो वह भी नहीं बच पाएंगे। कलेक्टर खंडवा ने संभागायुक्त इंदौर संभाग इंदौर की ओर से "आदिवासियो की जमीन पर एक सोलर प्लांट लगाने के संबंध में शिकायत" पर जांच संयुक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में दल गठित कर कराई।

दल द्वारा दिए गए जांच प्रतिवेदन में मसाया सोलर प्लांट के लिए खण्डवा जिले के ग्राम धरमपुरी, कनवानी, भावसिंगपुरा, बडगांव माली तथा ग्राम सिवना में बडी संख्या में "आदिवासियों की भूमि लेकर इन भूमियों पर प्लांट स्थापित करने की बात" सही पाई गई है।



### आदिवासियों की जमीन छीनी?

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि शिकायत की जांच से स्पष्ट होता है कि कंपनी द्वारा अनुमति प्राप्त करने के पूर्व ही आदिवासी कृषको की भूमि पर सोलर प्लांट लगा कर उत्पादन करना शुरू कर है,जो कि वैधानिक रूप से उचित प्रतीत नही होता है।

### पुराने मसलों की भी जांच हो

चर्चा है कि पिछले कुछ वरिष्ठ अफसरों ने तो आदिवासियों की जमीन नेताओं के दबाव में या अन्य तरीकों से पतली गली निकालकर सामान्य वर्ग के लोगों के नाम कर दी?

### सोलर प्लांट की जमीन पर प्रशासन का कब्जा



कलेक्टर ऋषव गुप्ता

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि कुछ प्रकरणों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगो की जमीन कंपनी को अंतरित कर कम्पनी द्वारा कब्जा प्राप्त किया गया व सोलर प्लांट लगाया गया,जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि बिना खसरे के नामांतरण के,केवल कब्जे के आधार पर कंपनी द्वारा औद्योगिक उपयोग हेतु भूमि का डायवर्जन करवाया गया जो म.प्र. भू राजस्व सहिता के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने जॉच के निष्कर्ष बिंदुओं के आधार पर आदेश दिये हैं।

### वर्षों से राजस्व विभाग में लंबा खेल?

राजस्व विभाग में छोटे कर्मचारी वर्षों से यहीं जमे हैं। दबाव पड़ने पर अधिकारी इन्हें हल्का बदलकर टेंशन मुक्त कर देते हैं। बाद में ये वहीं आ जाते हैं। तृतीय श्रेणी कर्मचारी भी करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं? इन पर कारवाई कब होगी?

# सांवलीखेड़ा हाई स्कूल में नशा मुक्ति अभियान पर प्रभावी कार्यक्रम हुआ




नवभारत न्यूज

**खालवा। नशा मुक्ति बड़ा अभिशाप है। टीनएजर्स में ही इसके अवगुण बताए जाएं, उन्हें जागरूक किया जाए तो आगे बच्चे ऐसा करने के पहले 100 बार सोचेंगे।**

एसपी मनोज कुमार राय के नेतृत्व में जिले भर की पुलिस नशा मुक्ति अभियान चला रही है। इसी को लेकर खालवा थाना पुलिस ने हाई स्कूल सांवलीखेड़ा में छात्र-छात्राओं को नशे से नुकसान और बुराइयों को बताया। थाना प्रभारी ने संदेश दिया कि नशे से दूरी जरूरी है। मध्य प्रदेश को नशे से मुक्त करने में आप बच्चों की बड़ी भूमिका हो सकती है। नशे के दुष्परिणाम से व्यक्ति का आर्थिक सामाजिक और शारीरिक हर तरह से नुकसान होता है।

### नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

नशे के खिलाफ नारे लगवाकर छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई। सांवलीखेड़ा स्कूल प्राचार्य रमा निशोद,शिक्षिका ऊषाकिरण पाराशर,देवयानी सोनी ,निधि श्रीवास्तव, सीटू ठाकरे, शाला स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम में एस.आई.भुवन भास्करे,एएसआई संजय अहीर, रूप सिंह चौहान की उपस्थिति में नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। यह जानकारी थाना प्रभारी जे.डी. शिंदे ने दी।

# नाबार्ड के स्थापना दिवस पर हरियाली संरक्षण






नवभारत न्यूज

**खंडवा। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ) के 44 में स्थापना दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम के संकल्प अनुसार प्रतीकात्मक पौधारोपण कार्यक्रम आईटीआई परिसर खंडवा में हुआ।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक यादव, प्रियसखी महिला संघ इंदौर सीईओ आरती कुशवाह एवं एवं आईटीआई के प्राचार्य श्री सुनवाया उपस्थित हुए। अतिथियों एवं आईटीआई के शिक्षकों ,विद्यार्थियों के द्वारा परिसर में पौरोपण किया गया।

उसके उपरांत अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (IYC) के तहत नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक जितेंद्र एम. खैरनार खंडवा ,डॉ.डीएच रानडे,श्री वाणी एवं योगेश शुक्ला ने किसानों,स्वयं सहायता समूह की महिलाओं,सचिवों,बैंककर्मियों और छात्रों को जैविक खेती के लाभों और तकनीकों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

# डेढ़ माह पहले चोरी हुआ 2 लाख 5 हजार का बैग दो नाबालिकों से जप्त



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस ने अजब तरह की चोरी ट्रेस की है। डेढ़ महीने पहले मूंदी से चोरी हुए 2 लाख10 हजार रुपए में से लगभग इतनी ही रकम नाबालिकों से जप्त कर ली है। नाबालिक भी राजगढ़ जिले के बताए जा रहे हैं। राजगढ़ पुलिस की मदद से मूंदी पुलिस ने यह सफलता पाई है। घटनाक्रम के विवरण से लग रहा है कि नाबालिकों के अलावा कोई इन्हे मानीटरिंग कर रहा होगा। तभी इतनी दूर के जिले में बैंक पर नजर रखकर इन्होंने बैग उड़ा दिया था।

5. जून.2025 को नटवर पिता अमरसिंह गुर्जर निवासी ग्राम शिवरिया थाना मूंदी द्वारा थाना मूंदी पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बैंक ऑफ इंडिया मूंदी से 2 लाख 10 हजार रू. निकाल कर मोटर सायकल की डिक्की में रखकर सनावद रोड पर स्थित बंधन बैंक में किस्त जमा करने जा रहा था। केनूद चौराहे के पास दो अज्ञात व्यक्तियो द्वारा उसकी मोटर सायकल में रखे 2 लाख 10 हजार रू. चोरी कर लिए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मूंदी पर अपराध क्रमांक 267/25 धारा 303(2) बी.एन.एस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी मूंदी निरी. राजेन्द्र नरवरिया को प्रकरण का त्वरित रूप से आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गये रूपए जप्त कर लिए।

प्रकरण में मूंदी से लेकर बडवाह तक के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये अत: फुटेज के आधार पर थाना बोडा है जिला राजगढ की पुलिस कि मदद से चोरी करने वाले अपचारी नाबालिगों को हिरासत में लिया गया तथा चोरी गये 2 लाख 10 हजार रू. में से 2 लाख 5 हजार रू. जप्त किए गए।

### सराहनीय भूमिका

सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया,उनि उमेश कुमार लाखरे,सउनि सूरज पाटिल,प्रआर.402 जितेन्द्र अर्से,आरक्षक 272 आलेस, आर. 502 नरेन्द्र यादव, आर. 771 राहुल, आर. 51 रामलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**हरियाली महोत्सव** — आइए,हम सब मिलकर खंडवा को हरा-भरा और स्वच्छ बनाएँ

# नगर निगम खंडवा द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** हरियाली महोत्सव 2025 के अंतर्गत दूधतलाई क्षेत्र में नगर निगम खंडवा द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 1700 पौधों का सामूहिक रूप से रोपण किया गया।



महापौर अमृता अमर यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा-सिर्फ पौधारोपण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोपित पौधों की देखभाल और उनकी सुरक्षा करना ही इस अभियान की वास्तविक सफलता होगी। हर नागरिक को एक पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी संरक्षा की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।

आयुक्त प्रियंका राजावत द्वारा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सभी रोपित पौधों की बाउंड्री वॉल या अन्य संरचनाओं से सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### दूधतलाई क्षेत्र में हो रहा है अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत कायाकल्प

दूधतलाई क्षेत्र को अमृत 2.0 योजना के तहत पुनर्जीवित किया जा रहा है। यहां हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से अमलतास,गुलमोहर,नीम,जामुन,करंज जैसे छायादार व पर्यावरण के अनुकूल पौधों का चयन किया गया है।

### पुलिस एवं निगम कर्मियों का पर्यावरण संरक्षण में योगदान

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई।

### विशिष्ट जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर अमृता अमर यादव,विधायक कंचन मुकेश तनवे,जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर, एमआईसी सदस्य सहित कई पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधीक्षक मनोज राय, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर,आयुक्त प्रियंका राजावत, उपायुक्त एस.आर.सिटोले सहित अन्य निगम अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के कर्मियों ने भी इस वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# नागचून तालाब के पास गड्ढे में डूबे दो किशोर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सुरगांव नेपानी के रहने वाले दो चचेरे भाइयों की तालाब के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई।

मृतक की पहचान अलफेज़ पिता मुजफ्फर और सेफान पिता मुनीर (उम्र 15-16 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों बच्चे शनिवार दोपहर अपने गांव से लगे नागचून तालाब के पास पशु चराने गए थे। दोपहर के वक्त तेज गर्मी से राहत पाने के लिए पास में बने खनन के गहरे गड्ढे में नहाने लगे,गड्ढे में बारिश का पानी भरा था, जो अत्यधिक गहरा था। दोनों बच्चे अचानक उसमें फंसकर डूब गए। जब तक आसपास के लोगों को घटना का पता चला और उन्होंने बचाव की कोशिश की,तब तक देर हो चुकी थी।

सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल जिला अस्पताल खंडवा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### काचीगुड़ा भगत की कोठी एक्सप्रेस का आज होगा खंडवा में प्रथम आगमन

**खंडवा।** जिलेवासियों के लिए रविवार का दिन यादगार होगा। काचीगुड़ा से व्हाया खंडवा होकर जोधपुर तक डेली चलने वाली ट्रेन की शुरुआत होगी। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की सक्रियता के चलते ट्रेन की सौगात मिली है ट्रेन का स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। प्रवक्ता सुनील जैन पर रेल समिति सदस्य मनोज सोनी बताया कि रेल मंत्री द्वारा प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन संख्या काचीगुड़ा भगत की कोठी को चलाने की घोषणा की गई है इस ट्रेन को नियमित चलाने हेतु इस ट्रेन के रैक दोनों दिशाओं में भेजे जा रहे हैं इसको लेकर शनिवार शाम 5.30 बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने काचीगुड़ा स्टेशन से उद्घाटन स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह ट्रेन आज सुबह (20 जुलाई) 10.30 पर खंडवा स्टेशन पर आज आगमन करेगी। वहीं 22 तारीख से यह ट्रेन नियमित चलना शुरू होगी। क्षेत्र वासियों में ट्रेन के शुरू होने से हर्ष उल्लास व्याप्त है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि काचीगुड़ा भगत की कोठी प्रतिदिन नई ट्रेन की सौगात मैं क्षेत्र वासीयो में हर्ष व्याप्त है।